# कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 को वर्ष 2022 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित हुये छात्र/छात्राओं के अंक बढ़ाने तथा उन्हें फेल से पास कराने हेतु कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों को फोन कर अनावश्यक प्रलोभन दिया जा रहा है। जिसके क्रम में ऐसे अराजकतत्वों के विरूद्व परिषद कार्यालय द्वारा थाना सिविल लाइन्स, जनपद–प्रयागराज में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 0271 दिनांक 26–05–2022 दर्ज करायी गयी है। परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि ऐसे अराजकतत्वों के प्रलोभन में न आयें तथा इसकी सूचना तत्काल जिला विद्यालय निरीक्षक को दें।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/192 (1-7) दिनांकः 27 मई,2022

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

2– विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

3– शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति, मा0शि0प0, शिविर कार्यालय, पार्क रोड,लखनऊ।

4– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों को इस अनुरोध के साथ कि अपने स्तर से भी इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करायें।

5– समस्त अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0, मेरठ/बरेली/वाराणसी/गोरखपुर/प्रयागराज को भी व्यापक प्रचार–प्रसार करने हेतु प्रेषित।

6– समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक को इस आशय एवं निर्देश के साथ प्रेषित है कि इस प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर सम्बन्धित अराजक तत्वों के विरूद्ध तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जाय।

7– सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ कि इसे अपने समाचार पत्र में मुखपृष्ठ पर जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।